वसुंधरा दोरस्वामी
अकादेमी पुरस्कारः भरतनाट्यम

VASUNDHARA DORASWAMY
Akademi Award: Bharatanatyam

श्रीमती वसुंधरा दोरस्वामी का जन्म 5 दिसंबर 1949 को हुआ। आपने राजरत्नम पिल्लई से भरतनाट्यम की पंडानल्लूर शैली का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आप अष्टांग विन्यास योग में, मैसूर के श्री पट्टाभि जोइस की प्रसिद्ध और वरिष्ठतम शिष्या हैं । आपने योग और भरतनाट्यम के बीच सम्बंधों पर शोध किया है और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। आपने गुरु मुरलीधर राव के मार्गदर्शन में कथकलि का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है।

अपनी पीढ़ी की प्रमुख भरतनाट्यम नृत्यांगनाओं में से एक होने के नाते, श्रीमती वसुंधरा ने संगीत नाटक अकादेमी द्वारा आयोजित प्रमुख नृत्य समारोहों में प्रस्तुतियाँ दी है। आप दूरदर्शन की 'ए' श्रेणी की कलाकार हैं। आपको विश्व शांति के लिए यूनेस्को के तत्वावधान में पेरिस में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था। आपने भरतनाट्यम और योग में युवा प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने के लिए मैसूर में वसुंधरा परफॉर्मिंग आर्ट्स सेंटर की स्थापना की है। आपने देश–विदेश में कई संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और व्याख्यान–प्रदर्शनों का आयोजन भी किया है।

आपको कर्नाटक राज्योत्सव पुरस्कार, नट ज्योति, मिलेनियम पुरस्कार और कर्नाटक संगीत नृत्य एकेडमी से कर्नाटक कला तिलक सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

श्रीमती वसुंधरा दोरस्वामी को भरतनाट्यम में योगदान के लिए वर्ष 2019 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 5 December 1949, Shrimati Vasundhara Doraswamy trained under Rajarathnam Pillai in the Pandanallur style. She is a well-known and senior-most disciple of Shri Pattabhi Jois from Mysore in Ashtanga Vinyasa Yoga. She has obtained a Doctorate for her research on the correlation between Yoga and Bharatanatyam. She also trained in Kathakali under Guru Muralidhar Rao.

Being one of the prominent Bharatanatyam exponents of her generation, Shrimati Vasundhara has performed in major dance festivals organized by Sangeet Natak Akademi. She is an 'A' grade artist of Doordarshan. She was invited to perform for World Peace in Paris under the aegis of UNESCO. She has established Vasundhara Performing Arts Centre in Mysore to train young talents in Bharatanatyam and Yoga. She has organized several seminars, workshops and lecture demonstrations in India and abroad.

She is a recipient of several awards and honours including the Karnataka State Rajyotsava Award (1996), Nathya Jyothi (1998), Millennium Award, and Karnataka Kala Shree from Karnataka Sangeetha Nrithya Akademi (1991).

Shrimati Vasundhara Doraswamy receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2019 for her contribution to Bharatanatyam.